**दिनांक : 24/05/2026** **समय :7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार एकांश**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार:-

1. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, सरकार प्रदेश के हर जिले के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध
2. न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अब तक 13 लाख 10 हजार किसानों से गेहूं का उपार्जन कर मध्य प्रदेश देश में पहले स्थान पर
3. ट्विशा शर्मा की मौत के मामले का सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान, चीफ जस्टिस सूर्यकांत की पीठ करेगी सुनवाई
4. प्रदेश के 42 जिलों में लू चलने की चेतावनी

अब समाचार विस्तार से:–

**मुख्यमंत्री- सिंगरौली महोत्सव**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और जनमानस को आध्यात्मिक रूप से जोड़ने के लिए प्रत्येक नगर में गीता भवन के निर्माण की दिशा में कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास कार्यों के साथ-साथ आध्यात्मिक और सांस्कृतिक चेतना का भी विस्तार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कल सिंगरौली महोत्सव के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार प्रदेश के हर जिले के विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने सिंगरौली को प्रदेश का सबसे विकसित और आधुनिक शहर बनाने की घोषणा की।

इससे पहले डॉ. यादव ने 513 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन किया साथ ही प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना व सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के हितग्राहियों को राशि का अंतरण किया। बैढ़न में लगभग ₹12 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले आधुनिक खेल परिसर का भूमिपूजन किया।

**राजनाथ सिंह**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत पहले रक्षा उपकरणों का आयात करता था लेकिन आने वाले कुछ समय में यह रक्षा उत्पादों का एक प्रमुख निर्यातक बनकर उभरेगा। उन्होंने कल महाराष्ट्र के शिरडी स्थित सावली विहिर औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित तोप के गोले बनाने

वाले संयंत्र का उद्घाटन करते हुए कहा कि रक्षा क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी लगभग 30 से 35 प्रतिशत है जिसे भविष्य में बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया जाएगा।

**जी राम जी अधिनियम**

केंद्र सरकार ने जन परामर्श के लिए विकसित भारत जी राम जी अधिनियम, 2025 के अंतर्गत मसौदा नियम प्रकाशित किए हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कहा कि कोई भी व्यक्ति, हितधारक, संगठन या संस्था अगले महीने की 21 तारीख तक इन मसौदा नियमों पर आपत्तियां या सुझाव प्रस्तुत कर सकता है। विकसित भारत जी राम जी अधिनियम 20 वर्ष पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम - मनरेगा के स्थान पर लाया गया है। नए अधिनियम का उद्देश्य वित्तीय वर्ष में 100 दिन के रोजगार की कानूनी गारंटी को बढ़ाकर 125 दिन करना है। यह इस वर्ष पहली जुलाई से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू हो जाएगा।

**गेहूं उपार्जन**

प्रदेश न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अब तक 13 लाख 10 हजार किसानों से गेहूं का उपार्जन कर देश में पहले स्थान पर है। अब तक लगभग 100 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन कर प्रदेश पंजाब के बाद दूसरे स्थान पर है। गेहूं का उपार्जन अभी भी जारी है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कोविड-19 की अवधि को छोड़कर विगत 10 वर्षों में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर गेहूं का सर्वाधिक उपार्जन किया गया है। किसानों को अब तक उपार्जित गेहूं का 20 हजार 680 करोड़ रूपये का भुगतान भी किया जा चुका है।

**न्यायालय- ट्विशा शर्मा**

भोपाल में सेवानिवृत्त जज की बहू ट्विशा शर्मा की संदिग्ध परिस्थिति में मौत के मामले का उच्चतम न्यायालय ने कल स्वत: संज्ञान लिया है। मामले में सोमवार को देश के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की पीठ सुनवाई कर सकती है। ट्विशा के शव का आज एम्स भोपाल में दोबारा पोस्टमॉर्टम होगा। इसके लिए दिल्ली एस्म की चार सदस्यी विशेष फॉरेंसिक टीम हाईटेक इक्विपमेंट के साथ राज्य सरकार के चार्टर्ड विमान से भोपाल पहुंच गई। इससे पहले आरोपी समर्थ सिंह को कल अदालत ने 7 दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया था।

**जल गंगा अभियान**

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशमीं पर कल प्रदेश में कार्यक्रम आयोजित होंगे। राज्य शासन ने समस्त जिलों में गंगा दशमी पर्व पर आयोजित गतिविधियों एवं कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले मुख्य अतिथियों की सूची जारी की है। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल रीवा, में और अन्य मंत्री जिलों में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

श्योपुर में भी कल गंगा दशहरा उपलक्ष्य में जिलेभर में दीपदान, जल स्त्रोतों का पूजन, कलश यात्राओं के आयोजन के साथ रामेश्वर धाम त्रिवेणी संगम पर मुख्य कार्यक्रम होगा।

**सीधी हादसे**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीधी जिले के ग्राम कसिहवा में शॉर्ट सर्किट से हुए एक हादसे में तीन बच्चों की मृत्यु की घटना पर शोकाकुल परिजन के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने कहा है कि मृत बच्चों के परिजन को राज्य सरकार की ओर से 6-6 लाख रुपये आर्थिक सहायता दी जायेगी। उन्होंने बताया कि जिला रेडक्रॉस सोसायटी, सीधी की ओर से परिजन को 20-20 हजार रुपये की तत्काल आर्थिक सहायता राशि दे दी गई है। वहीं रायसेन जिले के गैरतगंज तहसील के सागोर ग्राम में कल तीन बालिकाओं की कुएं में डूबने से मौत हो गई। वे गांव के पास एक कुएं पर नहाने गई थीं। पीड़ित परिवारों को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

**रजत पदक**

रांची में 25 मई तक आयोजित 29वीं नेशनल सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश एथलेटिक्स अकादमी की खिलाड़ी नितिका आक्रे ने महिला पोल वॉल्ट स्पर्धा में रजत पदक जीता है। नितिका ने 4 दशमलव 10 मीटर की शानदार छलांग लगाकर न केवल प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया, बल्कि एशियन गेम्स 2026 के लिए निर्धारित क्वालीफाइंग मार्क भी हासिल कर लिया। साथ ही उन्होंने 9 से 12 जुलाई तक ऑर्डोस, चीन में आयोजित होने वाली प्रथम एशियन अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भी क्वालीफाई किया है। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने नितिका आक्रे को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

**क्रिकेट- आई.पी.एल**

आईपीएल में लखनऊ में खेले गए मुकाबले में कल पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 7 विकेट से हरा दिया। लखनऊ सुपर जायंट्स के 197 रन के लक्ष्य को पंजाब किंग्स ने 18 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर दो सौ रन बनाकर हासिल कर लिया। प्रतियोगिता में आज दो मैच खेले जाएंगे। मुंबई इंडियंस का सामना राजस्थान रॉयल्स से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में दोपहर साढे तीन बजे से खेला जाएगा। दूसरा मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होगा। यह मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शाम साढे सात बजे शुरू होगा।

**गर्मी**

प्रदेश में नौतपा शुरू होने से पहले ही भीषण गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। राज्य के ग्वालियर-चंबल, सागर, रीवा और उज्जैन संभाग समेत कई इलाके हीटवेव की चपेट में हैं। गर्मी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मौसम विभाग ने प्रदेश के 42 जिलों में लू चलने की चेतावनी जारी की है। छतरपुर जिले का नौगांव सबसे गर्म रहा, जहां पारा 46.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इसके अलावा खजुराहो में 46.4 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया था। मौसम विभाग के मुताबिक, 31 मई तक प्रदेश में गर्मी अपने चरम पर रह सकती है। गुना जिले में गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। गुना में अधिकतम तापमान 43.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में.......**

1- भोपाल में भेल दशहरा मैदान में कल मशहूर संगीतकार एआर रहमान का लाइव कॉन्सर्ट आयोजित किया गया। रहमान को सुनने के लिए बडी संख्या में लोग पहुचे।
2- खंडवा से होकर गुजरने वाली जयपुर और हैदराबाद के बीच चल रही स्पेशल ट्रेन को अब स्थायी साप्ताहिक ट्रेन के रूप में संचालित किया जाएगा।
3- गुना के जिला पंचायत विश्राम गृह में 26 मई को युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा।
4- इंदौर में 9 से 13 जून तक ब्रिक्स सम्मेलन आयोजित होगा  जिसके लिये जिला प्रशासन ने तैयारी प्रारंभ कर दी हैं।

-------------